उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 28.03.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 28.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

महोबा पुलिस

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद में शांति, सुरक्षा एवं सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए अलविदा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

इबादतगाहों के आस-पास भारी पुलिस बल रहा तैनात।

सोशल मीडिया, संवेदनशील इलाकों पर रही विशेष नजर।

आज दिनांकः- 28.03.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपद महोबा की विभिन्न मस्जिदों में माह-ए-रमजान में अलविदा की नमाज के दृष्टिगत सभी मस्जिदों पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत विभिन्न मस्जिदों में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्व समुदाय के धर्मगुरुओं से वार्तालाप कर शांति व सद्भाव बनाए रखते हुये आगामी पर्व को मनाये जाने की अपील की गयी, साथ ही जनपद में अमन चैन बना रहे इसके लिये किसी भी तरह की अवांछनीय गतिविधि होने पर इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दिये जाने की अपील की गयी, जिससे जनपद का माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही की जा सके।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, पीआरओ श्री अरविन्द सिंह गौर सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर अलविदा की नमाज के दौरान जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत इबादतगाहों व मिश्रित आबादी वाले व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों में ड्रोन कैमरों से निगरानी के साथ ही चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल को तैनात करते हुये व्यापक पुलिस प्रबन्ध किया गया, इस दौरान भारी पुलिस बल दृश्यमान रहा। जनपदीय पुलिस प्रशासन की चुस्ती व मुस्तैदी के परिणाम स्वरुप जनपद में अमन चैन के साथ जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत मस्जिदों पर जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के निकट पर्यवेक्षण में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई, समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष/चौकी प्रभारी पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहे जिससे अलविदा की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराया गया।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 28.03.2025

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ का किया गया अर्धवार्षिक निरीक्षण, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देशः-

दिनांक- 27.03.2025 को श्रीमती वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा थाना कुलपहाड़ का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क पहुंच कार्यों को परखा गया, जिसमें आवेदिका/आने वाली पीड़िता का नाम, पता आदि एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख तथा समस्या निराकरण हेतु की गयी कार्यवाही एवं समस्या के निदान के उल्लेखित विवरण के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। तदोपरान्त थाना कार्यालय, मालखाना, बंदी गृह, कम्प्यूटर कक्ष, विवेचक कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, शौचालय, स्नानघर, भोजनालय, थाना परिसर में साफ-सफाई आदि का निरीक्षण करते हुए मालखाने में रखे शस्त्रों की साफ सफाई व रख रखाव का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का बारिकी से निरीक्षण किया और त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने एवं नये सिरे से टॉप-10 अपराधियो को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर में खडे माल मुकदमाती एवं लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण करने हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा को निर्देशित किया गया। इस दौरान थाने में नियुक्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया गया, समस्या निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ श्री राधेश्याम वर्मा, निरीक्षक श्री यशवंत सिंह, चौकी प्रभारी बेलाताल उ0नि0 श्री विवेक कुमार सहित अन्य अधि./कर्म. मौजूद रहे।

महिला सुरक्षा हमारे लिए सर्वोच्च महत्व रखती है।
प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था से महिलाओं को सुरक्षित माहौल दिया जा रहा है।
सेवा, सुरक्षा व सुशासन।
'पुलिस साथ है तो डरने की क्या बात है'

जनपद महोबा में महिला रिक्शा चालक द्वारा जनपदीय पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु उ.प्र. पुलिस प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा करते हुए रास्ते में भयमुक्त माहौल के दृष्टिगत जनपद महोबा में बेहतर कानून व्यवस्था की मुक्त कंठ से सराहना की गई है।
सुनिए सुरक्षित परिवेश की कहानी, उनकी ही जुबानी।
#UPPCares #उत्कर्ष_के_08_वर्ष

महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण
महिला सुरक्षा के प्रति पूरी तरह गंभीर है